वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 13 फरवरी 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

सील के राष्ट्रीय एकात्मता यात्रियों से धर्मशाला में पूज्य दलाई लामा जी ने की भेंट।

देशभर में 15 अन्य समूह भी कर रहे हैं विभिन्न स्थानों पर प्रवास।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 'अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन' के अंतर्गत चल रही ‘राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा’ के 'कनकलता बरूआ समूह' में शामिल पूर्वोत्तर के युवा प्रतिनिधियों ने धर्मशाला में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित आध्यात्मिक गुरु पूज्य दलाई लामा जी से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

'कनकलता बरूआ समूह' में पूर्वोत्तर भारत के राज्यों की 19 जनजातियों के 28 युवा शामिल हैं, इस समूह ने धर्मशाला पहुंचने से पूर्व अमृतसर तथा प्रयागराज के राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों, प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों आदि का भ्रमण किया तथा स्थानीय लोगों से पूर्वोत्तर भारत की विशेषताओं पर चर्चा की।

'कनकलता बरूआ समूह' के समन्वयक फाईशिरिंगदाओ लांगमलाई ने कहा कि, "नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित आध्यात्मिक गुरु पूज्य दलाई लामा जी पूरे विश्व के लिए प्रेम, सदभावना तथा अहिंसा के प्रतीक हैं। हम पूर्वोत्तरीय युवाओं को उनसे आशीर्वाद मिलना निश्चित ही हमें अपने क्षेत्रों में श्रेष्ठ मूल्य आधारित कार्यों को संपादित करने की प्रेरणा देगा।"

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि, "राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के 16 समूह के 450 युवा प्रतिनिधियों को देश के विभिन्न राज्यों में विभिन्न आयामों को स्पर्श करने के अवसर मिल रहा है। पूर्वोत्तर भारत अपार संभावनाओं से युक्त है, 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' में शामिल ये 450 युवा, अपने देशभ्रमण के अनुभवों से यात्रा पूर्ण करने के उपरांत देश, पूर्वोत्तरीय प्रदेशों तथा समाज को बेहतर करने की दिशा में नए दृष्टिकोण के साथ कार्य कर सकेंगे।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)